15-10-26 VNS PG-3 FRONT PAGE-ALLA.qxd 14-10-2026 23:07 Page 1



आज

अय्यर करियरके सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर

१०७ वर्ष

रश्मिका मंदाना



एक छोटा सा काम किसी की जिंदगी बदल सकता है

प्रयागराज, गुरुवार १५ अक्तूबर, २०२६ सौर २९, आश्विन शुक्ल ५, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित। नगर संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

यूपीमें तीन महीनेमें करायें पंचायत चुनाव-हाईकोर्ट

प्रयागराज (आससे)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन माह के भीतर कराने का निर्देश दिया है।यह आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार तथा न्यायमूर्ति गारेमा प्रसाद को खण्डपीठ ने खुली अदालत में पारित किया। न्यायालय ने उक्त आदेश संत रविदास नगर (भदोही के दशरथ यादव व अन्य की याचिकाओं को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुये सुनाया है। इसमें छह जनहित याचिकायें भी शामिल है। हालांकि विस्तृत निर्णय की अभी प्रतीक्षा है। न्यायालय में कहा कि कार्यकाल पूरा कर



कहा- निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रशासकके रूपमें कार्य करते रहेंगे

चुके ग्राम प्रधान प्रशासक के रूप में तब तक कार्य करते रहेंगे। याचीगण जिला पंचायतों का कार्यकाल खत्म होने के पहले राज्य निर्वाचन आयोग को पंचायत चुनाव की प्रक्रिया को सम्पन्न कराने एक विस्तृत समयबद्ध कार्यक्रम रिकार्ड पर प्रस्तुत करने का निर्देश देने को मांग करते हुये हाईकोर्ट का रूख किया था। उल्लेखनीय है कि प्रधानों का का कार्यकाल समाप्त होने पर उन्हें अगले चुनाव के सम्पन्न मैंने तक प्रशासक नियुक्त किया गया था । यह नियुक्ति जिस शासनादेश से की गई है, उसे अदालत ने वैध ठहराया है। इस मामले में सरकार का पक्ष रख रहे प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने कुछ मीडिया चैनलों से बातचीत करते हुए बताया कि तीन माह के अंदर निकाय चुनाव कराए जाने का न्यायालय ने निर्देश दिया तथा कहा कि जिस शासनादेश के तहत ग्राम प्रधान नियुक्त किए गए थे, वह वैध है ।

पीडीए' नहीं, परिवारवादको बढ़ावा दे रही सपा-योगी

राज्यसभामें यादव, दलित और मुस्लिम समाज की जगह चचाजान एवं धन्ना सेठ को तरजीह, यूपी पुलिस के 32 हजार पदों का परिणाम घोषित

वाराणसी (का.प्र.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद और तुष्टीकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसका पीडीए सिर्फ छलावा है। राज्यसभा चुनाव में सपा ने काशी, गाजीपुर और बलिया के यादवों को नहीं, बल्कि अपने परिवार के चचाजान को भेजा। दलित और मुस्लिम समाज को भी प्रतिनिधित्व देने के बजाय दूसरी सीट धन्ना सेठ को दे दी। मुख्यमंत्री बुधवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में वाराणसी खंड के शिक्षक-स्नातक विधान परिषद चुनाव सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र और केदारनाथ सिंह के पक्ष में समर्थन मांगा। योगी ने कहा कि सपा के पीडीए का मतलब 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी' और 'पराया धन अपना' है। सपा रूपी गिरगिटों से सावधान रहने की जरूरत है। मगरमच्छ की तरह ये पास आकर नदी पार कराने का भरोसा देते हैं, लेकिन इन पर विश्वास नहीं करना चाहिए। पाप करने



वाले सपाई हमें उपदेश न दें।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में साढ़े नौ साल में साढ़े नौ लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। अगले छह महीने में एक लाख और युवाओं को नौकरी मिलेगी। बुधवार को यूपी पुलिस में 32 हजार पदों पर भर्ती का परिणाम घोषित हुआ है। होमगार्ड के 42 हजार पदों पर भर्ती भी पूरी हो चुकी है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को जल्द नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।श्री योगी ने आरोप लगाया कि सपा सरकार में भर्ती आयोगों और बोर्डों पर सैफई सिंडिकेट का कब्जा था। चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली के लिए निकलती थी। योग्य युवाओं के साथ अन्याय होता था। अब भर्तियां पारदर्शी तरीके से हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 65 लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार मिला, जबकि तीन करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा गया है। यूपी अब दंगा, माफिया और कर्फ्यू के बजाय कानून-व्यवस्था, पर्यटन और विकास के लिए पहचाना जा रहा है।शिक्षकों को साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने उनकी समस्याओं का समाधान किया है। शिक्षकों और उनके परिजनों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा दिया गया है। उन्होंने पुरानी पेंशन, भर्ती और शिक्षा के मुद्दे पर भी सपा को घेरा। इस अवसर पर योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, अनिल राजभर, रविंद्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र 'दयालु', हंसराज (शेष पृष्ठ ११ पर)

जंतर-मंतरपर तिरंगा लहराना अपराध नहीं-राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान तिरंगा लहराने के मामले में कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के नेताओं की



गिरफ्तारी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान तिरंगा लहराना अपराध नहीं है और इसके लिए युवाओं को जेल भेजना कायरतापूर्ण है। राहुल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि छात्र, युवा, पत्रकार, नागरिक समाज और विपक्षी दल अलग-अलग बैनर के तहत प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनका उद्देश्य एक ही है। सभी नागरिक अपने संवैधानिक अधिकारों की मांग कर रहे हैं। उन्होंने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की (शेष पृष्ठ ११ पर)

छात्रों की आवाज दबाने वालोंको सजा दिलायेंगे

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छात्रों का विरोध भारत की आवाज है और इसे (शेष पृष्ठ ११ पर)

रेल कर्मचारियोंको मिलेगा ७८ दिन का बोनस, कैबिनेटकी मंजूरी

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रेलवे के लगभग 11.4 लाख अराजपत्रित कर्मचारियों को 78 दिनों का उत्पादकता आधारित बोनस पीएलबी देने की मंजूरी दी गई। बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी



जानकारी देते हुए बताया कि इस फैसले से 11,40,770 रेल कर्मचारियों को लाभ होगा। बोनस के भुगतान पर कुल 2,009.61 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार के मुताबिक, पात्र रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस दिया जाएगा। इसकी गणना 7,000 रुपये की मासिक वेतन सीमा के आधार पर होती है। इस हिसाब से प्रत्येक पात्र कर्मचारी को अधिकतम 17,951 रुपये मिलेंगे। बोनस का भुगतान आम तौर पर दुर्गा पूजा और दशहरा से पहले किया जाता है। इस फैसले से ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर गार्ड,

11.४ लाख कर्मियों को होगा लाभ

स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, सहायक तकनीशियन, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारियों और ग्रुप सी के अन्य पात्र रेलकर्मियों को लाभ मिलेगा। सरकार ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में रेलवे ने 1,670 मिलियन टन माल की रिकॉर्ड ढुलाई की और करीब 7.41 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। सरकार ने बोनस को रेल कर्मचारियों के योगदान की सराहना और रेलवे के कामकाज में सुधार के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने वाला कदम बताया है।

यूपीमें सात आईएएस अफसरोंका तबादला

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल के तहत सात आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। धीरेंद्र सिंह सचान को निदेशक पंचायतीराज, उत्तर प्रदेश बनाया गया है। वहीं, आजमगढ़ और आगरा के मुख्य विकास अधिकारियों (सीडीओ) समेत कई अन्य अधिकारियों की तैनाती में बदलाव किया गया है।

राकेश कुमार पटेल- मुख्य विकास अधिकारी, आजमगढ़ से विशेष सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बनाए गए हैं। कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण- मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर से मुख्य विकास अधिकारी, आजमगढ़ बनाए गए हैं। राजेश कुमार- अपर आयुक्त, आगरा मंडल से विशेष सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग बनाए गए हैं। प्रतिभा सिंह- मुख्य विकास अधिकारी, आगरा से अपर आयुक्त, आगरा मंडल बनाई गई हैं। अमित कुमार- अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), कानपुर देहात से मुख्य विकास अधिकारी, आगरा बनाए गए हैं। देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा- सदस्य (न्यायिक), राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज से प्रतीक्षारत किए गए हैं।

दुनियाभरमें मिल रही भारतीय संस्कृतिको पहचान-प्रधानमंत्री



नयी दिल्ली (आससे.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार पहचान मिल रही है। भारत का संगीत, नृत्य, सिनेमा और खानपान दुनिया के अलग-अलग देशों के लोगों को भारत से जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह बात 'बृहत्तर भारत- दुनिया भर में भारत के सांस्कृतिक संबंध' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भेजे गए अपने लिखित संदेश में कही।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत सरकार केवल ऐतिहासिक स्मारकों को सुरक्षित रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की प्राचीन पांडुलिपियों को भी सहेजने के प्रयास कर रही है। इसके

प्राचीन धरोहरों की वापसी के प्रयास तेज

लिए ज्ञान भारतम पहल के तहत काम किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य भारत की पांडुलिपियों से जुड़ी विरासत को संरक्षित करना है। प्रधानमंत्री (शेष पृष्ठ ११ पर)

सीजेपी के दो प्रवक्ता पांच दिन की न्यायिक हिरासत में

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली की अदालत ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास और राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, पार्टी नेता अजिंक्य शिंदे को निजी बॉन्ड पर रिहा कर दिया गया। सीजेपी के कानूनी मामलों की प्रमुख रत्ना सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी। रिहाई के बाद अजिंक्य शिंदे ने कहा कि तीनों जंतर-मंतर की ओर गए थे और उन्होंने केवल तिरंगा लहराकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाए थे। उन्होंने दावा किया कि इसी वजह से सौरव और आशुतोष को जेल भेजा गया।

विवादित घोषणा हटी फार्म ७ में सीमा तय

नयी दिल्ली (आससे.)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर उपजे गतिरोध और विवाद, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भारी हंगामे और आयोग के



अंदर आंतरिक मतभेदों की खबरों के बीच चुनाव आयोग ने एसआईआर, ऑनलाइन वोटर रजिस्ट्रेशन और प्रशासनिक कामकाज से जुड़े कई बड़े बदलावों का ऐलान किया है।

आयोग ने उन राज्यों में ऑनलाइन वोटर-रजिस्ट्रेशन फ़ॉर्म से एक विवादित घोषणा को हटा दिया है, जहा एसआईआर ' पूरा हो चुका है। इसके साथ ही, आयोग ने वोटर डेटाबेस चलाने वाले सॉफ़्टवेयर की भी समीक्षा के आदेश दिए हैं और एसआईआर के दौरान फ़्लैग किए गए वोटरों की सुनवाई की प्रक्रिया को भी आसान बना दिया है।

ये बदलाव उन खबरों के सामने आने के बाद किए गए हैं जिनमें, पिछले महीने बताया गया था कि

हंगामेके बाद ईसी ने किया बदलावका एलान

आयोग के तीन में से दो आयुक्तों ने एसआईआर से जुड़े कुछ फैसलों पर आधिकारिक तौर पर आपत्ति जताई थी। आरोप है कि ये फैसले उनकी जानकारी के बिना लिए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार चुनाव आयोग के दो आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 10 महीनों में कम से कम 14 बार उन फैसलों और आदेशों पर आपत्ति जताई थी, जो उनके अनुसार उनकी जानकारी या मंजूरी के बिना जारी किए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, ये आपत्तियाँ नए वोटर रजिस्ट्रेशन, नाम हटाने और बहाल करने और वोटर लिस्ट की कस्टडी और सुरक्षा से जुड़ी थीं।

एसआईआरपर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ ओवैसी की पुनर्विचार याचिका

नयी दिल्ली (आससे)। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को बरकरार रखने के सुप्रीम कोर्ट के 27 मई, 2026 के फैसले पर पुनर्विचार की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। उन्होंने एसआईआर लागू करने के लिए चुनाव आयोग की ओर से जारी आदेशों को रद्द करने की भी मांग की है। याचिका में चुनाव आयोग के फैसले लेने की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं का हवाला दिया गया है। इसमें दावा किया गया है कि दो चुनाव आयुक्तों ने करीब 10 महीने में कम से कम 14 मौकों पर ऐसे (शेष पृष्ठ ११ पर)

यूपी : ३२,६७९ पुलिस पदों पर भर्तीका अंतिम परिणाम जारी

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 32,679 पदों पर चयन किया जाना है। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परिणाम से संबंधित जानकारी और आगे की प्रक्रिया के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी निर्देशों का अवलोकन करें।

सिद्धार्थनगर : मार्ग दुर्घटना में दो किशोर सहित तीन की मौत

सिद्धार्थनगर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में भवानीगंज थानाक्षेत्र स्थित ब्यारा चौराहे पर मंगलवार देर रात को अज्ञात वाहन और बाइक की टक्कर हो गई। बाइक पर सवार दो किशोर समेत तीन की मौत हो गई। वे सभी दुर्गा पूजा देखकर घर वापस लौट रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजन के प्रति संवेदना की व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज गौरव शाली परंपरा का १०७ वां वर्ष
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

मौसम

सूर्योदय : ०५.५५
सूर्यास्त : ०५.३२

तापमान

अधि. : ३२.०
न्यून. : २३.०

मुस्कान-साहिलको मृत्युदंड

मेरठ (एजेंसी)।मेरठ के सौरभ राजपूत हत्याकांड में मुस्कान रस्तोगी ने अपनी बेटियों का हवाला देकर कम सजा की



अपील की, जबकि साहिल शुक्ला ने भी नरमी की मांग की। अदालत ने दोनों को मृत्युदंड सुनाया। मेरठ में जिस पति को बेदर्दी से मौत के घाट उतारकर लाश के पांच टुकड़े किए और नीले ड्रम में ठूंसकर सील कर दिया, आज उसी हैवानियत की मुख्य सूत्रधार अदालत के सामने अपनी जान और सजा की भीख मांगती नजर आई। मेरठ के बहुचर्चित और रूह कंपा देने वाले ब्रह्मपुरी सौरभ राजपूत हत्याकांड में आखिरकार इंसाफ की घड़ी आ गई। अदालत ने

प्रेमी संग पति की हत्या करनेका मामला

कातिल पत्नी मुस्कान और उसके आशिक साहिल को सौरभ की नृशंस हत्या का मुजरिम ठहरा दिया है। अब दोनों को मृत्युदंड की सजा दी गई है। सजा के ऐलान से ठीक पहले जज अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत में जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दोनों मुजरिमों (शेष पृष्ठ ११ पर)

पशुपालन विभाग के भर्ती घोटाले में पूर्व प्रमुख सचिव गिरफ्तार

लखनऊ (आससे.)। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने चर्चित पशुपालन भर्ती घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ से पूर्व प्रमुख सचिव योगेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वह 1980 बैच रिटायर्ड आईएएस अधिकारी है। ईओडब्ल्यू के डायरेक्टर जनरल जेएन सिंह ने बताया कि पूर्व आईएएस योगेश कुमार को इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने लखनऊ के गोमती नगर से गिरफ्तार किया है। साल 2014 में पूर्व की समाजवादी पार्टी की सरकार में उत्तर प्रदेश के 17 मंडलों में 1198 पदों पर पशुधन प्रसार अधिकारियों की भर्ती हुई थी। भर्ती के समय योगेश कुमार पशुपालन विभाग के प्रधान सचिव थे। चयन प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के आरोप सामने आए थे। पशुधन भर्ती घोटाले में योगेश कुमार के खिलाफ सबूत मिले हैं, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

बिहार : गैस सिलेंडर में आग लगनेसे चार की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.) बिहार में रोहतास और गोपालगंज थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर में रिसाव के बाद लगी आग से तीन मासूम समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 लोग झुलस गए। रोहतास जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र के उल्ही गांव में बीते देर शाम गैस सिलेंडर में विस्फोट से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में तीन वर्षीय बच्ची और उसके पिता की मौत हो गई, जबकि पत्नी और एक वर्षीय बेटा गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।मृतकों की पहचान लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता और उनकी तीन वर्षीय पुत्री कृति कुमारी गुप्ता के रूप में हुई है। घायलों में उनकी पत्नी संजू देवी और एक वर्षीय पुत्र सुमित शामिल है।जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम घर में गैस चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था।

ईडी ने रिलायंस पावर की २००० करोड़ से अधिक संपत्ति जब्त की

नयी दिल्ली (आससे.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को बताया कि उसने अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड (आरपीएल) की भारत में स्थित 2000 करोड़ रुपये से अधिक की परिसंपत्तियां जब्त की हैं।

यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत एक जांच का हिस्सा है। जब्त परिसंपत्तियों में आरपीएल के बैंक शेष और सासन पावर लिमिटेड में उसकी शेयरधारिता शामिल है। जब्ती आदेश 12 अक्तूबर को फेमा की धारा 37ए के तहत 2,032.81 करोड़ रुपये का जारी हुआ। कंपनी ने मंगलवार को एक नियामक फाइलिंग में ईडी के आरोपों को विवादित बताया। कंपनी ने कहा कि वह अपने और सभी शेयरधारकों के हितों की सुरक्षा के लिए कानूनी सलाह के अनुसार उचित कदम उठाएगी। ईडी की जांच भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की एक कार्रवाई से शुरू हुई थी। यह कार्रवाई आरपीएल द्वारा अपनी लेखा-पुस्तकों में 2,101.46 करोड़ रुपये के बट्टे खाते में डालने या (शेष पृष्ठ ११ पर)

दिव्यांगोंकी पेंशनके लिए विकलांगताकी सीमा ८० से घटाकर ४० प्रतिशत हुई

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्र सरकार ने दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने के लिए पेंशन के नियमों में बड़ी राहत दी है। अब तक 80 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता होने पर मिलने वाली पेंशन के लिए पात्रता की सीमा घटाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है। इससे 40 प्रतिशत विकलांगता वाले व्यक्ति भी पेंशन के हकदार होंगे। साथ ही, दिव्यांगजनों को जन्म से ही पेंशन योजना के दायरे में शामिल करने का फैसला किया गया है। सरकार के इस कदम से पेंशन पाने के पात्र लोगों की संख्या बढ़ेगी और दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा का दायरा व्यापक होगा। ये फैसले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए। बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। सरकार ने वर्ष 2031 तक देश में सामाजिक सुरक्षा के दायरे के विस्तार के लिए 53,428 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान भी किया है। वैष्णव ने बताया कि दिव्यांगता के आधार पर पेंशन की पात्रता सीमा में 40 प्रतिशत तक की कमी से ऐसे लोगों को राहत मिलेगी, जो अब तक निर्धारित मानक पूरा नहीं करने के कारण इस लाभ से वंचित रह जाते थे। जन्म से दिव्यांग व्यक्तियों को योजना में शामिल करने के फैसले से भी सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाने में मदद मिलेगी। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और नए कारोबारियों को वित्तीय सहायता के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक पुनर्गठन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। सरकार के अनुसार, इस कदम से बैंक और वित्तीय सेवा क्षेत्र में नई पूंजी आने तथा निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वैष्णव ने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार बनाए रखने और नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए बड़े पैमाने पर पूंजी की जरूरत होगी। आईडीबीआई बैंक के पुनर्गठन से छोटे उद्योगों, नए उद्यमियों, सेवा क्षेत्र और कारोबार का विस्तार करने वाले व्यवसायों को मदद मिल सकती है। इससे वित्तीय सेवा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एफडीआई आकर्षित करने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। उल्लेखनीय है कि सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी मिलकर आईडीबीआई बैंक में 34 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखेंगे। सरकार को उम्मीद है कि पुनर्गठन से बैंक की वित्तीय स्थिति और विकास क्षमता को मजबूती मिलेगी।

इंडिगो विमान में आग की घटना के बाद एक माडल के पावरबैंक पर रोक

नयी दिल्ली (आससे)। नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए ने पावरबैंक से आग लगने की घटना के बाद मोबिकिन्स के एमके-पीबी-04 मॉडल को भारत की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

रविवार को दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो की उड़ान में पावरबैंक से आग लगने के बाद विमान का मार्ग बदलकर हैदराबाद ले जाना पड़ा था। डीजीसीए ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे इस मॉडल को यात्रियों के साथ या कार्गो के रूप में विमान में ले जाने से रोकें और यात्रियों को इसकी जानकारी दें। यह प्रतिबंध केवल संबंधित मॉडल पर लागू है, सभी पावरबैंक पर नहीं। मौजूदा नियमों के तहत पावरबैंक और अतिरिक्त बैटरियां केवल हैंड बैगेज में ले जाने की अनुमति है। इन्हें ओवरहेड कम्पार्टमेंट में रखने और उड़ान के दौरान पावरबैंक से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चार्ज करने पर भी रोक है।

